## इलाज करने में जुटे जबलपुर के डॉक्टर

# वायरस अटैक से जूझ रही बीमार बाघिन

**जबलपुर।** वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के नौरादेही क्षेत्र में डेढ़ साल की एक बाघिन के गंभीर रूप से बीमार होने के बाद उसे इलाज के लिए जबलपुर स्थित स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक एंड हेल्थ यानी वेटरनरी कॉलेज लाया गया है। इस बाघिन में जानलेवा कैनाइन डिस्टेंपर वायरस के लक्षण पाए गए हैं, जिससे वन विभाग के अधिकारी सतर्क हो गए हैं। घायल बाघिन ने 2 दिन पहले ही वन विभाग के एक कर्मचारी पर हमला किया था, जिसके बाद से उसे रेस्क्यू करने का प्रयास किया जा रहा था। उसे पहले भोपाल ले जाने की योजना थी लेकिन संक्रमण के खतरे को देखते हुए जबलपुर शिफ्ट किया गया। फिलहाल वह डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में है और उसकी जांच के नमूने प्रयोगशाला में भेजे गए हैं। रिजर्व के डायरेक्टर रजनीश सिंह और वेटरनरी कॉलेज की डायरेक्टर डॉ. शोभा जावरे ने फिलहाल इस मामले पर सीधे तौर पर विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है।



### जानलेवा बीमारी के खतरे से जूझ रही बाघिन

बाघिन की स्थिति काफी चिंताजनक बनी हुई है। उसके पिछले पैरों में गंभीर सूजन देखी गई है और शरीर के अंदरूनी हिस्सों में भी चोट के निशान पाए गए हैं। कैनाइन डिस्टेंपर वायरस का अंदेशा होने के कारण उसे पूरी तरह से आइसोलेशन में रखकर उपचार दिया जा रहा है। उसे तत्काल ड्रिप पर रखा गया है ताकि शरीर में पानी की कमी न हो और दवाइयों का असर जल्द हो सके। वेटरनरी विशेषज्ञों की एक पूरी टीम उसके स्वास्थ्य पर लगातार नजर बनाए हुए है। पहले यह बाघिन नौरादेही के जंगलों में घूम रही थी, जहाँ से उसे सुरक्षित पकड़कर जबलपुर लाया गया। यह मामला वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से काफी संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि इस वायरस के फैलने की गति बहुत तेज होती है।

### प्रशासनिक जवाबदेही पर उठ रहे कई गंभीर सवाल

इस पूरी घटना के बाद से ही जिम्मेदारी को लेकर अधिकारियों के बीच सामंजस्य की कमी दिख रही है। नौरादेही टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर रजनीश सिंह ने केवल बाघिन को जबलपुर रेफर करने की बात को स्वीकार किया है, लेकिन आगे की मेडिकल स्थिति पर उन्होंने चुप्पी साधे रखी है। दूसरी ओर स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ की डायरेक्टर डॉ. शोभा जावरे ने भी इस मामले में कुछ भी बोलने से मना करते हुए इसे उच्च अधिकारियों के अधिकार क्षेत्र का विषय बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की संक्रामक बीमारियों के मामलों में अधिकारियों को स्पष्टता रखनी चाहिए ताकि जनता के बीच भ्रम न फैले। फिलहाल पूरा वन अमला और पशु चिकित्सक बाघिन को स्वस्थ करने की कोशिशों में जुटे हुए हैं।

## यातायात बाधित, कचरे में भोजन तलाशने को मजबूर गौवंश, अभियान केवल कागजों तक सीमित

# नगर निगम की हाका गैंग लापता, शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं का कब्जा

हरिभूमि जबलपुर।



शहर में आवारा पशुओं की समस्या एक बार फिर गंभीर होती जा रही है। मुख्य मार्गों से लेकर कॉलोनियों तक बड़ी संख्या में मवेशी सड़कों पर डेरा जमाए बैठे हैं। इससे न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। इसके बावजूद नगर निगम की हाका गैंग और आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान कहीं दिखाई नहीं दे रहा।

शहर के कई इलाकों में सुबह से देर रात तक गाय और सांड सड़कों पर घूमते नजर आते हैं। कई स्थानों पर वे सड़क के बीचों-बीच बैठ जाते हैं, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे चिंताजनक स्थिति यह है कि नियमित कचरा उठाव नहीं होने से गौवंश कचरे के ढेर में भोजन तलाशने को मजबूर है। प्लास्टिक और अन्य हानिकारक पदार्थ खाने से उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

नगर निगम के पशु पकड़ने वाले वाहन कभी-कभार ही दिखाई देते हैं और अधिकांश समय खाली ही घूमते नजर आते हैं। सवाल यह है कि जब नगर निगम के पास हाका गैंग, वाहन और अमला मौजूद है तो फिर शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं की संख्या लगातार क्यों बढ़ रही है?

शहरवासियों का कहना है कि नगर निगम को विशेष अभियान चलाकर सभी आवारा पशुओं को गौशालाओं में भेजना चाहिए, ताकि उनका समुचित पालन-पोषण हो सके और शहर की सड़कें भी सुरक्षित बन सकें। इससे सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा और गौवंश को कचरे में भोजन तलाशने की मजबूरी से भी राहत मिलेगी।

## संचालिका समेत छह गिरफ्तार नकदी, मोबाइल और बाइक जब्त

# सुहागी में देह व्यापार पर पुलिस का छापा

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र के सुहागी स्थित सरस्वती कॉलोनी में संचालित कथित देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर संचालिका सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान नकदी, मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की गई। पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय को मिली सूचना के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अनु बेनिवाल के निर्देशन में महिला थाना प्रभारी मंजू शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने पहले एक पंटर को ग्राहक बनाकर मौके पर भेजा। संकेत मिलने पर टीम ने सुहागी के पन्नी मोहल्ला स्थित एक मकान में दबिश दी, जहां से मंजू निखर, मुकेश निखर, आरूष निखर सहित अन्य लोगों को पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि ग्राहकों से ली जाने वाली राशि का हिस्सा महिलाओं और संचालिका के बीच बांटा जाता था। मौके से तीन कथित ग्राहकों अभय सिंह उर्फ चिंटू, सुबोध कुमार सिंह और संजय चौरसिया को भी हिरासत में लिया गया।

### प्रकरण दर्ज, जांच जारी

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पांच मोबाइल फोन, दो हजार रुपये नकद, एक बॉक्सर मोटरसाइकिल (एमपी-20-केएल-4719) तथा अन्य सामग्री जब्त की है। सभी छह आरोपियों के विरुद्ध अनैतिक देह व्यापार से संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## काशी एक्सप्रेस ट्रेन में सुरक्षा व्यवस्था पर उठा सवाल

# ट्रेन की एसी बोगी से 15 तोला सोना चोरी

**जबलपुर।** लोकमान्य तिलक टर्मिनस से चलकर गोरखपुर जाने वाली काशी एक्सप्रेस के एसी-2 कोच में सफर कर रही अनीता पाठक के साथ हुई लाखों की चोरी ने सुरक्षा व्यवस्था की कलई खोल दी है। मुंबई की रहने वाली अनीता अपने परिवार के साथ कोच ए2 की सीट नंबर 3 पर यात्रा कर रही थीं। सुबह 07:50 बजे ट्रेन को प्रयागराज पहुंचना था लेकिन 5 बजे नींद खुलने पर उनका पर्स गायब मिला। कोच में मचे शोर के बाद तलाशी लेने पर पर्स ट्रेन के बाथरूम में तो मिला लेकिन उसमें रखे 15 तोले सोने के जेवरात और 50 हजार रुपये नकद गायब थे। चोर ने महिला का मोबाइल भी फ्लाइंग मोड पर डाल दिया था ताकि कोई संपर्क न हो सके। प्रयागराज जीआरपी ने केस दर्ज कर लिया है लेकिन घटना जबलपुर क्षेत्र में होने के कारण जांच अब वहां स्थानांतरित की जा रही है।

### यात्री सुरक्षा पर उठे सवाल

एसी कोच को हमेशा सबसे सुरक्षित माना जाता है लेकिन इस वारदात ने यात्रियों का भरोसा तोड़ दिया है। ट्रेन के भीतर यात्री की सीट के पास से कीमती सामान का चोरी हो जाना सुरक्षा में बड़ी चूक को उजागर करता है। अपराधी ने जिस तरह से सावधानी से काम को अंजाम दिया और मोबाइल को फ्लाइंग मोड पर डाला, उससे साफ है कि वह पहले से ही ट्रेन की रेकी कर रहा था। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह एक डरावना अनुभव है। चोर ने इतनी सफाई से काम किया कि किसी को भनक तक नहीं लगी।

### सीसीटीवी खंगालने में जुटी जीआरपी

प्रयागराज पुलिस ने पीड़िता की शिकायत दर्ज कर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर दी है। चूंकि घटना का स्थान जबलपुर रेलवे पुलिस के अधिकार क्षेत्र में आता है, इसलिए जांच की फाइल को वहां स्थानांतरित कर दिया गया है। जबलपुर जीआरपी अब इस पूरे मामले की कमान संभालेगी।

# भिक्षावृत्ति मुक्त जबलपुर की पहल, नगर निगम ने 87 भिक्षुकों को दी समझाइश

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन की मंशानुरूप जबलपुर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर अभियान चलाकर 87 भिक्षुकों को समझाइश दी गई और उन्हें मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के दौरान रानीताल और गेट नंबर चार क्षेत्र में 20, बाजनामठ मंदिर एवं मेडिकल क्षेत्र में 16, रेलवे स्टेशन एवं हाई कोर्ट मजार क्षेत्र में 12 तथा ग्वारीघाट, साईं बाबा मंदिर ग्वारीघाट रोड, सिविल लाइंस साईं मंदिर, माता मरियम चौक एवं एम्पायर तिराहा क्षेत्र में 39 भिक्षुकों को समझाइश देकर हटाने की कार्रवाई की गई। उपायुक्त अंकिता जैन ने बताया कि नगर निगम की टीम ने अभियान के दौरान संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए भिक्षावृत्ति में लगे लोगों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे भिक्षावृत्ति को बढ़ावा न दें और जरूरतमंदों के पुनर्वास में सहयोग करें। अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।



## बालिग को अपनी पंसद से जीवन जीने का पूरा अधिकार : हाई कोर्ट

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कहा है कि बालिग होने के बाद प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पसंद के स्थान पर रहने और अपनी इच्छा के व्यक्ति के साथ जीवन बिताने का संवैधानिक अधिकार है। एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने यह टिप्पणी करते हुए बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका का निराकरण कर दिया। जबलपुर के रांझी , गोकलपुर निवासी एक महिला ने याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि उसकी बालिग बेटी को रितिक चौधरी नामक युवक अपने साथ ले गया है। महिला ने बताया कि रांझी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने के बावजूद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। इस पर हाईकोर्ट ने युवती को पेश करने के निर्देश दिए थे। सुनवाई के दौरान पुलिस ने युवती को न्यायालय में प्रस्तुत किया।




## जिला अधिवक्ता संघ चुनाव

# अंतिम प्रत्याशी सूची जारी

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ, जबलपुर के निर्वाचन सत्र 2026-2028 के तहत नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शनिवार को विभिन्न पदों के लिए अंतिम प्रत्याशी सूची जारी कर दी गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जीएस ठाकुर ने सूची प्रकाशित करते हुए अधिवक्ताओं से शांतिपूर्ण, निष्पक्ष व गरिमापूर्ण मतदान में सहयोग का अनुरोध किया है। अध्यक्ष पद के लिए अभय शुक्ला, बाल्मीकि प्रसाद तिवारी, एचआर नायडू, ज्योति राय, मनीष कुमार मिश्रा एवं नरेंद्र जैन चुनाव मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए अजय कुमार शुक्ला, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, कमल सिंह बघेल, मनोज कुमार तिवारी, मनोज शिवहरे, प्रमोद त्रिपाठी, प्रशांत कोहाड़े, सचिन गुप्ता, शेख मंजूर व सुखवीर सिंह नादड़ा उम्मीदवार हैं। महिला उपाध्यक्ष पद पर मधु राणा, सुनीता सूद गुप्ता व वर्षा तिवारी के बीच मुकाबला होगा। सचिव पद के लिए अमित कुमार साहू, दीपांशु साहू, गोपाल पटेल, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, महेंद्र अहिरवार, राहुल श्रीवास्तव, शैलेंद्र सिंह ठाकुर व यतेन्द्र अवस्थी (गुड्डा) मैदान में हैं। सह सचिव पद पर आवेश पटेल, दामोदर पाटकर, सतीश कुमार शर्मा, शैलेंद्र यादव व विनोद विश्वकर्मा चुनाव लड़ेंगे। कोषाध्यक्ष पद के लिए नेहा मिश्रा, नीलम दत्त, रेनू बाला सिंह व रेणुका शुक्ला व पुस्तकालय सचिव पद के लिए मनीष दुबे, रविन्द्र कुमार दत्त, वीरेंद्र कुमार पटेल व विजय यादव उम्मीदवार हैं।

## समदड़िया मॉल पार्किंग-4

**आम लोगों पर सख्ती, रसूखदारों के मामले में खामोशी, पार्किंग नियमों के पालन पर उठे सवाल**

# समदड़िया मॉल पर मेहरबान निगम? सड़क पर पेड पार्किंग जारी, कार्रवाई का इंतजार

हरिभूमि, जबलपुर।

सिविक सेंटर स्थित समदड़िया मॉल की पार्किंग व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई सामने नहीं आई है। सार्वजनिक सड़क पर पेड पार्किंग, पार्किंग व्यवस्था और भवन स्वीकृति के पालन को लेकर उठ रही आपत्तियों के बावजूद नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

**हरिभूमि फॉलोअप**

शहर में छोटे-छोटे अतिक्रमण और नियम उल्लंघन पर तत्काल कार्रवाई करने वाला नगर निगम इस मामले में अब तक कोई स्पष्ट कदम क्यों नहीं उठा पाया? यदि शिकायतें मिली हैं तो निरीक्षण रिपोर्ट क्या कहती है? यदि शिकायतें सही नहीं हैं तो प्रशासन सार्वजनिक रूप से स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं करता?

सूत्रों के अनुसार, मॉल की पार्किंग व्यवस्था, स्वीकृत भवन मानचित्र और वास्तविक स्थिति के बीच अंतर होने के आरोपों की जांच की मांग लगातार उठ रही है। साथ ही यह भी सवाल है कि सार्वजनिक सड़क पर यदि शुल्क लेकर पार्किंग संचालित हो रही है, तो उसके लिए सक्षम प्राधिकारी की अनुमति उपलब्ध है या नहीं।

### जिम्मेदार नहीं उठा रहे फोन

इस मामले मे सबसे बड़ा सवाल नगर पालिक निगम से है, आश्चर्य की बात यह है की पहले तो जिम्मेदार अधिकारी कार्यवाही की बात करते नजर आ रहे थे परन्तु अब उनका फोन भी नो रिप्लाई होने लगा है, जिससे इस मामले मे निगम अधिकारियो की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे मे आ गई है।

### तीखे सवाल

- क्या नगर निगम ने समदड़िया मॉल का हालिया निरीक्षण किया है?
- यदि किया है तो निरीक्षण रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही?
- सड़क पर पेड पार्किंग किस आदेश के आधार पर संचालित हो रही है?
- यदि नियमों का उल्लंघन नहीं है तो प्रशासन आधिकारिक रूप से इसकी जानकारी क्यों नहीं देता?
- यदि उल्लंघन है तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?
- क्या प्रभावशाली लोगों के मामलों में नियमों का पालन अलग तरीके से कराया जा रहा है?
- क्या नगर निगम दस्तावेजों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करेगा, या फिर यह मामला भी फाइलों में दबा रहेगा?

# रादुविवि में ऑडिट विभाग की सतर्कता से सामने आया कथित फर्जीवाड़े का राज

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में श्रमसाध्य भुगतान से जुड़ी फाइलों में कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। खास बात यह है कि इस पूरे घटनाक्रम का खुलासा किसी शिकायत या बाहरी जांच से नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय के ऑडिट विभाग की सतर्कता से हुआ। अधिकारियों ने नोटशीट पर मौजूद हस्ताक्षर और उसके बाद जोड़ी गई टिप्पणी की हैंडराइटिंग में अंतर देखा, जिसके बाद पूरे मामले ने गंभीर रूप ले लिया। अब यह प्रकरण कुलगुरु कार्यालय के समक्ष विचाराधीन है और प्रारंभिक जांच में परीक्षा विभाग के एक लिपिक की भूमिका सामने आने की चर्चा है।

मामला इसलिए भी संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि श्रमसाध्य भुगतान से जुड़े प्रकरण में पहले से ही लोकायुक्त जांच लंबित है। ऐसे में भुगतान संबंधी फाइल में कथित रूप से अतिरिक्त टिप्पणी जोड़ने की घटना ने विश्वविद्यालय की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और दस्तावेजों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।




### ऑडिट ने लौटाई थी फाइल

सूत्रों के अनुसार, गोपनीय विभाग को श्रमसाध्य भत्ते का भुगतान किए जाने के बाद उसी आधार पर परीक्षा विभाग की ओर से शेष भुगतान के लिए नोटशीट तैयार कर ऑडिट विभाग भेजी गई थी। फाइल का परीक्षण करने के बाद ऑडिट विभाग ने स्पष्ट टिप्पणी दर्ज करते हुए उसे वापस लौटा दिया कि श्रमसाध्य भुगतान प्रकरण में लोकायुक्त जांच लंबित है। इसलिए भुगतान संबंधी बिलों का सत्यापन फिलहाल नहीं किया जा सकता और जांच पूरी होने के बाद ही देयक प्रस्तुत किए जाएं। ऑडिट विभाग की इस टिप्पणी के बाद फाइल परीक्षा विभाग लौट गई। यहीं से पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया।

### हस्ताक्षर और टिप्पणी के बीच जुड़ गई नई लाइन

सूत्र बताते हैं कि फाइल वापस पहुंचने के बाद नोटशीट में पहले से मौजूद हस्ताक्षर और ऑडिट टिप्पणी के बीच खाली स्थान पर एक अतिरिक्त पंक्ति लिख दी गई। इसमें उल्लेख किया गया कि "जांच केवल शैक्षणिक विभागों की चल रही है। बताया जा रहा है कि इसी अतिरिक्त टिप्पणी के आधार पर फाइल को दोबारा 6 जुलाई को ऑडिट विभाग भेजा गया, ताकि भुगतान प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।

### अलग हैंडराइटिंग ने खड़ा कर दिया बड़ा सवाल

जब नोटशीट दूसरी बार ऑडिट विभाग पहुंची तो अधिकारियों ने दस्तावेज का बारीकी से परीक्षण किया। इसी दौरान उनकी नजर अतिरिक्त लिखी गई पंक्ति पर गई। अधिकारियों ने पाया कि नोटशीट पर पहले से दर्ज टिप्पणियों और नई लिखी गई लाइन की हैंडराइटिंग अलग-अलग है। यहीं से पूरे मामले का खुलासा हुआ। ऑडिट अधिकारियों ने तत्काल परीक्षा विभाग के संबंधित सेक्शन ऑफिसर (एसओ) से संपर्क कर अतिरिक्त टिप्पणी के संबंध में जानकारी मांगी। सूत्रों के अनुसार, एसओ ने स्पष्ट रूप से ऐसी कोई टिप्पणी लिखने से इंकार कर दिया।

### जांच पहुंची कुलगुरु कार्यालय

मामला गंभीर होने पर पूरी फाइल कुलगुरु कार्यालय भेजी गई। प्रारंभिक स्तर पर संबंधित अधिकारी की हैंडराइटिंग का नमूना लेकर उसका मिलान कराया गया। सूत्रों का कहना है कि पड़ताल में यह स्पष्ट हुआ कि नोटशीट में अतिरिक्त टिप्पणी बाद में जोड़ी गई थी।

इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर जांच आगे बढ़ाई गई और प्रारंभिक पड़ताल में परीक्षा विभाग में पदस्थ एक लिपिक की भूमिका सामने आने की चर्चा है। आरोप है कि संबंधित कर्मचारी ने बिना किसी वैधानिक अधिकार के आधिकारिक नोटशीट पर टिप्पणी दर्ज की।

### अब कार्रवाई पर टिकी निगाहें

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक गलियारों में इस बात की चर्चा है कि कुलगुरु छोटे-छोटे मामलों में भी सख्त कार्रवाई के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में इस संवेदनशील प्रकरण में क्या निर्णय लिया जाएगा, इस पर सभी की नजर बनी हुई है। वहीं कुछ कर्मचारियों के बीच यह भी चर्चा है कि संबंधित लिपिक को प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त होने के कारण उसने ऐसा कदम उठाने का साहस किया। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

### प्रशासनिक व्यवस्था पर उठे सवाल

यह पूरा मामला केवल श्रमसाध्य भुगतान तक सीमित नहीं है, बल्कि विश्वविद्यालय की फाइल सुरक्षा व्यवस्था और आधिकारिक दस्तावेजों की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े करता है। यदि किसी नोटशीट में बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के बाद में टिप्पणी जोड़ी जा सकती है, तो इससे भविष्य में अन्य प्रशासनिक निर्णयों की पारदर्शिता पर भी प्रश्नचिन्ह लग सकते हैं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि विश्वविद्यालय प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं।

# 258वीं भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा 16 जुलाई को, श्रद्धालुओं से शामिल होने की अपील

**जबलपुर।** श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र एवं सुभद्रा की 258वीं पारंपरिक रथ यात्रा 16 जुलाई (गुरुवार) को आषाढ़ शुक्ल द्वितीया के अवसर पर निकाली जाएगी। पुष्पों से सुसज्जित भव्य रथ में विराजमान भगवान जगन्नाथ स्वामी नगर भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देंगे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10 बजे ग्राम बम्होरी के रजनीश गौतम एवं श्रीकृष्ण भजन संकीर्तन मंडली के भजनों से होगी। दोपहर 12:30 बजे पूजन-अर्चन के बाद श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालिपुरम की अगुवाई में रथ यात्रा जगदीश मंदिर से दुर्गा चौक, गढ़ाफाटक,



पड़ाव, बड़ा फुहारा, मिलौनीगंज होते हुए हनुमान अखाड़े पहुंचेगी।

रथ यात्रा के बाद 17 से 26 जुलाई तक भगवान जगन्नाथ स्वामी हनुमान अखाड़े में दस दिवसीय विश्राम करेंगे, जहां प्रतिदिन प्रातः हरिनाम संकीर्तन होगा। 26 जुलाई को सायं 4 बजे रथ की वापसी जगदीश मंदिर के लिए होगी। श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास के प्रबंध न्यासी लाल ज्ञानेंद्र सिंह बघेल, न्यासी राजकुमार साहू, प्रबंधक मोहित तिवारी, मंदिर पुजारी पं. देवेंद्र त्रिपाठी, संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे, संयोजक देवेंद्र नेमा, अतुल कुमार पटेल, मोहित कुमार पटेल एवं सत्यप्रकाश नामदेव ने सभी श्रद्धालुओं से रथ यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

# इकिगाई किड्स प्रीस्कूल में 'एलिस इन द वंडरलैंड' थीम पर सजी ग्रैंडपेरेंट्स टी पार्टी

**जबलपुर।** इकिगाई किड्स इंटरनेशनल प्रीस्कूल में दादा-दादी एवं नाना-नानी के सम्मान में 'एलिस इन द वंडरलैंड' थीम पर ग्रैंडपेरेंट्स टी पार्टी का आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी सजावट और आकर्षक गतिविधियों से सजे विद्यालय परिसर में बच्चों और उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी ने कप बैलेंसिंग चैलेंज, पेपर बैग रेस, मैग्नेट गेम्स सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बच्चों द्वारा प्रस्तुत 'आई लव ग्रैंडमा, आई लव ग्रैंडपा' गीत रहा, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों को भावुक कर दिया। इसके बाद सभी ने चाय एवं अल्पाहार का आनंद लिया तथा प्रत्येक परिवार को बच्चों के साथ खिंचवाई गई तस्वीर वाला स्मृति-चिन्ह भेंट किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी बच्चों के जीवन में संस्कार, प्रेम और नैतिक मूल्यों के महत्वपूर्ण आधार होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की संस्थापिका अर्पिता मालपानी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप गंगाधरन, प्राचार्या सोनिया कोचर एवं परमवीर कौर उपस्थित रहीं।

# सोल म्युजिकल ग्रुप के संगीतमय कार्यक्रम का हुआ भव्य समापन



**जबलपुर।** सोल म्युजिकल ग्रुप द्वारा दत्त मंदिर प्रांगण में आयोजित सांस्कृतिक एवं संगीतमय कार्यक्रम का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं जूही राजावत की भक्तिमय प्रस्तुति 'तुम्ही मंदिर हो' से हुआ। इसके बाद डॉ. अनिल बाजपेयी, पूर्व रिटायर्ड जज मीना भट्ट, दिशा झा, प्रीति गर्ग, श्रीमती किरण, रहमान, सूरज (सूरदास) प्रजापति, श्रीमती रंजना गुप्ता, शैलेन्द्र शर्मा, प्रीति मिश्रा एवं डॉ. लियाउ ने लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। अभिषेक तिवारी ने 'कभी राम बनके कभी श्याम बनके' की भक्तिमय प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया, जबकि कार्यक्रम का टाइटल सॉन्ग डॉ. अनिल बाजपेयी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन पंचम झा ने किया। इस अवसर पर डॉ. कु. अरूण सिंह, डॉ. रश्मि झा एवं श्रीमती अर्चना विजय खण्डेलवाल विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

# मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन ने डॉ. गोस्वामी पुष्पदेवानंद सरस्वती का किया सम्मान

**जबलपुर।** समाज एवं स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. गोस्वामी पुष्पदेवानंद सरस्वती को मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा सम्मानित किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि कोविड-19 महामारी के दौरान डॉ. गोस्वामी ने दिन-रात मरीजों की सेवा कर मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में उनके सराहनीय योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को देखते हुए यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर संगठन ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आगे भी इसी समर्पण और सेवा भावना के साथ समाज की सेवा करते रहेंगे।



# अलग राज्य की मांग पर फिर गरमाई सियासत

## जबलपुर को राजधानी बनाने की वकालत




**जबलपुर।** महाकौशल, बुंदेलखंड और बघेलखंड को मिलाकर अलग राज्य बनाने की मांग एक बार फिर राजनीतिक चर्चा का विषय बन गई है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने शनिवार को जबलपुर में मीडिया से चर्चा के दौरान अलग राज्य की मांग दोहराते हुए प्रस्तावित राज्य की राजधानी जबलपुर को बनाने की वकालत की। उन्होंने कहा कि जबलपुर ने उन्हें पहचान और सम्मान दिया है, इसलिए क्षेत्र के अधिकारों के लिए उन्हें किसी राजनीतिक दल से अनुमति लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर व्यापक चर्चा कराने की मांग भी की। तन्खा ने कहा कि महाकौशल, बुंदेलखंड और बघेलखंड प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद विकास की दौड़ में पीछे रह गए हैं। उनका कहना था कि अलग राज्य की मांग किसी राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और अधिकारों से जुड़ा विषय है। मीडिया से बातचीत में विवेक तन्खा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले नेता जनता की राय और आलोचना का सम्मान करते थे। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय सार्वजनिक प्रतिक्रिया को गंभीरता से लिया जाता था। दतिया प्रकरण पर भाजपा को घेरते हुए तन्खा ने कहा कि पार्टी के भीतर असंतोष बढ़ता दिखाई दे रहा है। उनका दावा था कि यदि यह स्थिति बनी रही तो वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को इसका राजनीतिक लाभ मिल सकता है।



# बरसात की फुहारों के बीच जबलपुर-मंडला में शूट हो रहा कुमार शानू का वीडियो सॉन्ग

**जबलपुर।** मानसून के खूबसूरत मौसम के बीच दिलीप म्यूजिक सर्किल और ए.वी.पी. फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही वीडियो एल्बम 'जरा आहिस्ता चल' की शूटिंग इन दिनों जबलपुर और मंडला के कान्हा क्षेत्र में चल रही है। प्रसिद्ध पार्श्वगायक कुमार शानू की आवाज में रिकॉर्ड गीत का फिल्मांकन भेड़ाघाट और मंडला स्थित किंगफिशर रिसॉर्ट में किया जा रहा है। एल्बम का निर्देशन विकास पांडे और वैशाली अदिति कर रहे हैं। विकास पांडे निर्देशन के साथ इस गीत में अभिनय भी कर रहे हैं, जबकि संगीत दिलीप दत्ता ने तैयार किया है। एल्बम में कुमार शानू के अलावा जान कुमार शानू और जावेद अली की आवाज भी सुनाई देगी। प्रमुख कलाकारों में विकास पांडे, रिया, श्रीनु जैन, मोली लक्ष्मी और अर्पित तिवारी शामिल हैं। प्रोडक्शन मैनेजर वैशाली अदिति ने बताया कि वर्तमान में बरसात की थीम पर आधारित कुमार शानू के गीत की शूटिंग हो रही है। इसके बाद जान कुमार शानू के गीत सहित दो अन्य गीतों की शूटिंग भी जबलपुर में की जाएगी। निर्देशक विकास पांडे ने कहा कि भविष्य की परियोजनाओं में भी स्थानीय कलाकारों और तकनीशियनों को अधिक से अधिक अवसर देने का प्रयास किया जाएगा, ताकि जबलपुर की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके।

## रोटरी क्लब के निःशुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**बरेला।** रोटरी क्लब एवं राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा के सहयोग से ज्ञानदीप नर्सिंग कॉलेज, हिनोतिया बरहा में शनिवार को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. छत्रपाल सिंहई, डॉ. राजेश धीरावानी एवं डॉ. राहुल शुक्ला के नेतृत्व में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने हजारों मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा ने कहा कि राजनीति पीड़ित मानवता की सेवा का माध्यम है, न कि पैसा कमाने का। उन्होंने जरूरतमंदों की अंतिम सांस तक सेवा करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में आयोजक अनिल मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर में राज्यसभा सांसद अशोक सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा, संजय यादव, सम्मति सैनी, आशीष शुक्ला, अरविन्द तिवारी, रामजी रैकवार, विपिन झारिया, कपिल पटेल, बसंत तिवारी, विक्रम सिंह, जहीर अहमद, भूपेंद्र यादव, अभिषेक गौर, नरेश पटेल, अशोक विश्वकर्मा, शेख सलीम, माधव शर्मा, सुनील पाठक, दादूराम यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित रहे। परीक्षण के बाद मरीजों को भोजन भी कराया गया।

# पश्चिम मध्य रेल में दो दिवसीय सतर्कता कार्य-निष्पादन समीक्षा बैठक संपन्न

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय में 9 एवं 10 जुलाई को आयोजित दो दिवसीय सतर्कता कार्य-निष्पादन समीक्षा बैठक का समापन हुआ। बैठक की अध्यक्षता रेलवे बोर्ड के प्रमुख कार्यकारी निदेशक (सतर्कता) राजेन्द्र कुमार सोनी ने की। इस दौरान पश्चिम मध्य रेलवे सहित विभिन्न रेलवे इकाइयों के सतर्कता कार्यों एवं प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी एवं प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।




बैठक के शुभारंभ पर पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही को सतर्कता का मूल आधार बताते हुए ईमानदारी एवं नियमबद्ध कार्यप्रणाली अपनाने का आह्वान किया। वहीं वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी नीरज कुमार ने अनियमितताओं की रोकथाम, पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाने के लिए सतर्कता जागरूकता को कार्यसंस्कृति का अभिन्न हिस्सा बनाने पर बल दिया। समीक्षा बैठक में नियमित निरीक्षण, जांच प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी तथा प्रणालीगत सुधारों पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में बनारस लोकोमोटिव वर्क्स, अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे सहित विभिन्न रेलवे इकाइयों के मुख्य सतर्कता अधिकारियों ने भाग लिया। पश्चिम मध्य रेलवे की ओर से सौरभ कुमार, मनोज कुमार महावर, धनराज सिंह जाटव, अजय श्रीवास्तव एवं अमरदीप खरे सहित सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन उप मुख्य सतर्कता अधिकारी (ए एंड पी) अनिल कुमार तिवारी ने किया।

# लियोनार्ड एच.एस. स्कूल इंटरेक्ट इको क्लब ने किया पौधारोपण

**जबलपुर।** लियोनार्ड एच.एस. स्कूल के इंटरेक्ट इको क्लब के छात्रों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत बरहा गांव के कृषि क्षेत्र में वाणिज्यिक एवं फलदार पौधों का पौधारोपण किया। पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में छात्रों ने बांस, पीपल, अशोक, यूकेलिप्टस सहित विभिन्न फलदार पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया।



इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य एलजी लोबो ने पौधारोपण के महत्व, वनों की कटाई, प्रदूषण और वैश्विक तापमान वृद्धि के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। अभियान में जिया, वंशिका, सिद्धि, ममता, काव्या, लवली, दीप्ति, यशवंत, रामजी, यशराज, रजत, सचिन एवं संजीव सहित इंटरेक्ट इको क्लब के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में क्लब प्रभारी मिस पूजा एवं मोहसिन सर का विशेष सहयोग रहा।

# बजरंग दल ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, सेवा सप्ताह कार्यक्रम संपन्न




**भेड़ाघाट।** बजरंग दल द्वारा आयोजित सेवा सप्ताह के अंतर्गत नर्मदा जिला के विभिन्न प्रखंडों में सेवा कार्यों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

कार्यक्रम के प्रभारी एवं बजरंग दल जिला संयोजक सत्यम बर्मन ने बताया कि सेवा सप्ताह के तहत पूरे भारत में चल रहे कार्यक्रमों की कड़ी में जबलपुर विभाग के नर्मदा जिला के सभी प्रखंडों में कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

स्वास्थ्य शिविर में जिला सह मंत्री विशाल नामदेव, जिला संयोजक सत्यम बर्मन, सह संयोजक राहुल बकाले, सुषमा प्यासी, सुरक्षा प्रमुख दिलीप बर्मन, प्रखंड संयोजक आकाश चक्रवर्ती, विवेक चक्रवर्ती, सरजू कुमार, दुर्गेश साहू, शेखर साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सेवा भावना के साथ लोगों की सहायता और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया।




**श्री प्रीतमलाल रजक** – चेरीताल वार्ड, तुलसी नगर, छाया ड्यूपलेक्स के सामने निवासी प्रिंस रजक के पिता श्री प्रीतमलाल रजक का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज 12 जुलाई, दिन रविवार को निवास स्थान से प्रातः 10 बजे रानीताल मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्री शिव चरण रजक**– पंसारी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री शिव चरण रजक का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रोहणी प्रसाद कोरी**– पुष्प नगर कछपुरा निवासी श्री रोहणी प्रसाद कोरी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री राहुल ठाकुर**– कांचघर शीतलामाई रोड सर्वोदय स्कूल के पीछे निवासी श्री राम सिंह ठाकुर के पुत्र श्री राहुल ठाकुर (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विकास केवट**– द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री किशन लाल केवट के पुत्र श्री विकास केवट (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री काशीराम चौरसिया**- चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री काशीराम चौरसिया (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुंदर बेन**- न्यू बिल्डिंग सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सुंदर बेन (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री सज्जन श्रीवास**- ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री सज्जन श्रीवास (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लखन कुमार कोल**- छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखजी वार्ड निवासी श्री मधुर कुमार कोल के पुत्र श्री लखन कुमार कोल (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्री विवेक परस्ते**- शारदा चौक मदनमहल निवासी श्री महेश परस्ते के पुत्र श्री विवेक परस्ते (26) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| सिंगल साइज:- | 4x4 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| सिंगल साइज:- | 4x4 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| सिंगल साइज | 4x8 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303308294, 9407362160

# बीपीसीएल के सहयोग से अधारताल तालाब में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**जबलपुर।** अधारताल तालाब, जबलपुर में स्थानीय नागरिकों द्वारा स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान का उद्देश्य तालाब परिसर की साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करना था। इस अवसर पर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड की ओर से तनुज कुशवाहा एवं कपिल वर्मा विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत सभी उपस्थित नागरिकों द्वारा स्वच्छता शपथ के साथ हुई, जिसमें सभी ने स्वच्छता बनाए रखने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लिया। इसके पश्चात सभी ने मिलकर अधारताल तालाब परिसर में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।



इस अवसर पर बीपीसीएल के प्रतिनिधियों ने नागरिकों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने और प्लास्टिक मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों में सहयोग देने का संकल्प लिया। बीपीसीएल के सहयोग से आयोजित यह स्वच्छता अभियान स्वच्छ, स्वस्थ एवं प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक पहल रहा।

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, INDERJEET is legally FATHER of ARMY NO-15720885A, Rank - HAV, Name- SUSHIL KUMAR presently residing at Vill - HIMATPURA -POST- HIMATPURA Teh - ABOHAR, Distt – FAZILKA State- PUNJAB, PIN- 152118 शपथपूर्वक निलि कथन करता हूं कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि INDER JEET / 02/05/1962 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि INDERJEET/01/01/1946 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं 38AA 580964 दिनांक 11-07-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
INDER JEET/02/05/1962
सही नाम एंव जन्मतिथि
INDERJEET/01/01/1946

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, DROPATI DEVI is legally MOTHER of ARMY NO-15720885A, Rank - HAV, Name- SUSHIL KUMAR presently residing at Vill - HIMATPURA -POST- HIMATPURA Teh - ABOHAR, Distt – FAZILKA State- PUNJAB, PIN- 152118 शपथपूर्वक निलि कथन करता हूं कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि DAROPATI / 06/03/1966 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि DROPATI DEVI/12/04/1948 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र नं 38AA 580963 दिनांक 11-07-26 नोटरी जबलपुर म प्र ।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
DAROPATI / 06/03/1966
सही नाम एंव जन्मतिथि
DROPATI DEVI/12/04/1948



इसके निर्माण से न केवल भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल को भारी सफलता मिली है, बल्कि देश का रक्षा औद्योगिक आधार भी मजबूत हुआ है और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं

समुद्र में बढ़ेगी भारत की ताकत

# नौसेना में शामिल हुआ महेंद्रगिरि रडार से बचने की अचूक तकनीक

एजेंसी ▶▶ विशाखापत्तनम

भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत और मारक क्षमता में शनिवार को एक ऐतिहासिक इजाफा हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विशाखापत्तनम डॉकयार्ड में आयोजित एक भव्य समारोह में स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए स्टील्थ फ्रिगेट आईएनएस महेंद्रगिरि को आधिकारिक तौर पर नौसेना के बेड़े में कमीशन कर दिया है।

यह भारतीय नौसेना के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट 17ए का छठा युद्धपोत है। कमीशनिंग समारोह के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को नौसेना द्वारा 'गार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया गया। इस विशेष अवसर पर नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्ण स्वामीनाथन भी उनके साथ मौजूद रहे।

### आत्मनिर्भर भारत की मिसाल

*आईएनएस महेंद्रगिरि को भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो (डब्ल्यूडीबी) द्वारा पूरी तरह से स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया है और इसका निर्माण मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने किया है। यह युद्धपोत स्वदेशी जहाज निर्माण में भारत की लगातार बढ़ती विशेषज्ञता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इसमें 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उपकरणों और तकनीक का उपयोग किया गया है। इसके निर्माण में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों सहित बड़ी संख्या में भारतीय उद्योगों ने अपना योगदान दिया है।*



1 यह प्रोजेक्ट 17ए का छठा स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट

2 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी तकनीक से निर्मित

आईएनएस महेंद्रगिरि नौसेना में शामिल

### 'महेंद्रगिरिश' समुद्र में तैरता एक अभेद्य किला

- हर मोर्चे पर अचूक मारक क्षमता
- किसी भी खतरे से एक साथ निपटने में सक्षम
- समुद्री सुरक्षा, सर्च एंड रेस्क्यू मिशन में उपयोगी
- मानवीय सहायता और आपदा राहत में उपयोगी
- अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों, एडवांस सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर प्रणालियों से लैस

## महेंद्रगिरि हिंद महासागर में भारत के समुद्री हितों की रक्षा करेगा



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह अत्याधुनिक युद्धपोत हमारे घरेलू रक्षा उद्योगों की अविश्वसनीय क्षमताओं का जीता-जागता प्रमाण है। उन्होंने देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि महेंद्रगिरि भारत के समुद्री हितों की रक्षा करने और एक सुरक्षित हिंद-महासागर के हमारे संकल्प को मजबूत करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश अब तेजी से भारत के रक्षा निर्माण और एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग के एक नए पावरहाउस के रूप में उभर रहा है, जो भविष्य में रक्षा क्षेत्र में भारत को और अधिक आत्मनिर्भर बनाएगा।

### महेंद्रगिरि पर्वत के नाम पर मिला नाम

इस अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट का नाम ओडिशा में स्थित पूर्वी घाट की महेंद्रगिरि पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया है। नौसेना के अनुसार, यह पर्वत श्रृंखला दृढ़ता, असीम ताकत और अटूट संकल्प का प्रतीक है, और ठीक यही गुण इस युद्धपोत में भी समाहित हैं। नौसेना के शीर्ष अधिकारियों का मानना है कि आईएनएस महेंद्रगिरि भारत के समुद्री इतिहास में एक नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ेगा और देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा में एक मजबूत दीवार साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### बहामास में छोटा विमान क्रैश, 10 लोगों की मौत



**सैन जुआन।** बहामास में शुक्रवार को एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार 10 लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद सरकार ने विमानन कंपनी 'फ्लेमिंगो एअर' की उड़ानों पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। यह हादसा बहामास की राजधानी नासाउ के ठीक पश्चिम में स्थित नॉर्थ एंड्रोस में हुआ। विमान मायागुआना जा रहा था, तभी पायलट ने एक समस्या की सूचना दी और विमान को वापस नासाउ ले आया। विमान के उतरने और यात्रियों के बाहर निकलने के बाद उसमें आग लग गई। इस घटना की भी जांच की जा रही है।

### मेटा पर 133 लाख करोड़ के जुर्माने की मांग



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में मेटा पर 133 लाख करोड़ रुपए का भारी जुर्माना लगाने की मांग उठी है। अमेरिका के चार राज्य कैलिफोर्निया, कोलोराडो, केंटकी और न्यू जर्सी ने यह मांग की है। मेटा पर युवाओं को सोशल मीडिया की लत लगाने का आरोप है। मेटा पर भारी जुर्माना लगाने की मांग की गई है, जबकि मेटा कि कुल बाजार कीमत भी लगभग 143 लाख करोड़ रुपए है। मामले में अगली सुनवाई अगस्त में कैलिफोर्निया के ऑकलैंड में शुरू होगी। कंपनी पर प्लेटफॉर्म की सुरक्षा को लेकर भी लोगों को गलत जानकारी देने का आरोप है।

### आतंकी कांडू के खिलाफ इंटरपोल नोटिस जारी



**श्रीनगर।** आतंकवाद के खिलाफ जंग में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) कश्मीर को बड़ी सफलता मिली है। एसआईए ने हिजबुल मुजाहिदीन के नामित आतंकी इम्तियाज अहमद कांडू उर्फ फयाज उर्फ सज्जाद के खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा लिया है। यह नोटिस 2013 में हुए तरजू, हाइगाम आतंकी हमले के मामले में जारी किया गया है। अब इस नोटिस के बाद अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियां आरोपी को ढूंढकर, हिरासत में लेकर भारत प्रत्यर्पण की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर सकेंगी।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए

# साल 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 35 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य

व्यापार, रक्षा, आर्थिक सहयोग समेत विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को नई मजबूती देने पर चर्चा की

एजेंसी ▶▶ ऑकलैंड

*पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को आर्थिक सहयोग के नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे।*

पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को न्यूजीलैंड की राजधानी ऑकलैंड में पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-न्यूजीलैंड साझेदारी की व्यापक समीक्षा की और व्यापार, रक्षा, आर्थिक सहयोग समेत विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को नई मजबूती देने पर चर्चा की। इससे पहले गवर्नमेंट हाउस में पीएम मोदी का औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। पीएम मोदी और पीएम क्रिस्टोफर लक्सन की मौजूदगी में भारत और न्यूजीलैंड के बीच कई समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर साइन किए गए।

इन समझौतों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, शिक्षा, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करना है। पीएम मोदी ने दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को आर्थिक सहयोग के नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ेंगे और निवेश, प्रौद्योगिकी, सेवाओं तथा प्रतिभा आदान-प्रदान के नए अवसरों का लाभ उठाएंगे।

### 20 अरब डॉलर के निवेश का किया स्वागत



पीएम मोदी और पीएम क्रिस्टोफर लक्सन द्विपक्षीय वार्ता करते हुए

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि न्यूजीलैंड ने अगले 15 वर्षों में भारत में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि यह केवल निवेश नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा में सहभागी बनने का भरोसा है। उन्होंने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बताते हुए कहा कि बढ़ता मध्यम वर्ग, डिजिटल परिवर्तन और मजबूत बुनियादी ढांचा भारत को वैश्विक निवेश का प्रमुख केंद्र बना रहे हैं।

### पीएम मोदी के भाषण की 4 खास बातें

**ये कोलेब का जमाना, दोनों देश साथ:** पीएम मोदी ने कहा कि अगर हम कंटेंट क्रिएटर्स की भाषा में बात करें तो ये कोलेब का जमाना है। दोनों देश स्पोर्ट्स में भी बहुत शानदार कोलेब कर सकते हैं। रग्बी इसका बहुत बड़ा उदाहरण है। भारत रग्बी में न्यूजीलैंड से सीखना चाहता है। हमें कोच चाहिए, एक्सपर्ट चाहिए। न्यूजीलैंड हमारी बहुत मदद कर सकता है।

**चंद्रयान की लैंडिंग पर न्यूजीलैंड नाच रहा था:** भारत और न्यूजीलैंड का भविष्य जुड़ा है। स्पेस से सेक्टर इसका बहुत बड़ा उदाहरण है। भारत का चंद्रयान जब मून के साउथ पोल पर लैंड किया तो न्यूजीलैंड नाच रहा था। उस दिन हमें गर्व हुआ। यहां की स्पेस कंपनियों ने कई बार हमारे साथ मिलकर काम किया है।

**हजारों किमी की दूरी, मगर दिल में हिंदुस्तान:** हजारों किमी दूर रहते हुए भी आपके दिल के किसी कोने में कहीं न कहीं हिंदुस्तान बसता ही है। शरीर यहां होगा मन भारत में होगा। इसलिए आप भारत की हर उपलब्धि पर भी नजर रखते हैं।

**जनकल्याण भावना अहम:** हमारे लिए सामने वाले देश की जनसंख्या नहीं, जनकल्याण की भावना मायने रखती है। और इसलिए हमने न्यूजीलैंड से भी बहुत कुछ सीखा है और अब भी सीख रहे हैं। यह वो देश है जिसने सबसे पहले महिलाओं को वोटिंग का अधिकार दिया था।

### एफटीए सहित कई मुद्दों पर बनी सहमति

- 1. भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर
- 2. 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 35 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य
- 3. रक्षा और सुरक्षा सहयोग को और मजबूत किया जाएगा
- 4. पर्यटन बढ़ाने के लिए सीधी उड़ानें शुरू करने की दिशा में काम होगा
- 5. कृषि, डेयरी, बागवानी, कीवीफ्रूट, सेब और शहद उत्पादन में साझेदारी बढ़ेगी
- 6. पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में भी समझौता हुआ
- 7. शिक्षा, विज्ञान और तकनीक में कई एमओयू
- 8. आपदा प्रबंधन में भारत की एनडीएम और न्यूजीलैंड की एजेंसी के बीच समझौता हुआ
- 9. भारत-न्यूजीलैंड खेल सहयोग योजना को आगे बढ़ाया जाएगा
- 10. हाई-परफॉर्मेंस स्पोर्ट्स, स्पोर्ट्स साइंस और कोचिंग में सहयोग
- 11. सांस्कृतिक सहयोग और समुद्री विरासत संरक्षण पर एमओयू
- 12. आतंकवाद पर संयुक्त कार्य समूह बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर
- 13. हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और नियम-आधारित व्यवस्था का समर्थन
- 14. दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों और विदेश मंत्रियों के बीच नियमित वार्ता होगी

भारत-न्यूजीलैंड बिजनेस इवेंट में पीएम मोदी बोले

## भारत वैश्विक विकास का लॉन्च पैड



पीएम नरेंद्र मोदी ने न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन के साथ भारत-न्यूजीलैंड बिजनेस इवेंट के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने भारत को वैश्विक निवेश और विकास का प्रमुख केंद्र बताते हुए निवेशकों को देश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भारत सिर्फ एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि वैश्विक विकास के लिए एक लॉन्च पैड है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। बढ़ता मध्यम वर्ग, डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर भारत को वैश्विक विकास का केंद्र बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' को शासन का आधार बनाया है, जिससे नीतिगत स्थिरता, राजनीतिक स्थिरता और विकास की निरंतरता सुनिश्चित हुई है। उन्होंने कहा कि दुनिया के लिए हमारा संदेश है कि भारत सिर्फ एक बाजार नहीं, बल्कि वैश्विक विकास के लिए एक लॉन्च पैड है।

### व्यापक साझेदारी और सहयोग पर जोर



न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन ने कहा कि दोनों देशों ने कम समय में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर उल्लेखनीय प्रगति की है, लेकिन अब सहयोग केवल एफटीए तक सीमित नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि रणनीतिक साझेदारी के जरिए दोनों देश रक्षा, व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में सहयोग को और व्यापक बनाएंगे। रणनीतिक साझेदारी दोनों देशों के रिश्तों को अधिक गहराई और स्पष्ट दिशा देगी। उन्होंने पीएम मोदी की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कहा कि भारत-न्यूज़ीलैंड संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पीएम क्रिस्टोफर ने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र के दो अलग-अलग छोर पर होने के बावजूद भौगोलिक दूरी भारत और न्यूजीलैंड के आर्थिक सहयोग में बाधा नहीं बनेगी। उन्होंने कहा कि एफटीए के लागू होने के पहले दिन से ही न्यूजीलैंड के भारत को होने वाले निर्यात पर 57% टैरिफ समाप्त हो जाएगा, जिससे दोनों देशों के व्यापार को नई गति मिलेगी।

पाकिस्तान के पूर्व राजदूत का खुलासा

## इंडोनेशिया के राष्ट्रपति भारत के कहने पर नहीं आए पाकिस्तान

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



नई दिल्ली में काम कर चुके पाकिस्तान के पूर्व राजदूत अब्दुल बासित ने कहा है कि भारत के कहने पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति ने पाकिस्तान का दौरा टाल दिया था। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सारी बातें तय हो चुकी थीं कि वो भारत भी जाएंगे और पाकिस्तान की भी यात्रा करेंगे। लेकिन भारत ने इसपर एतराज कर दिया। इसके बाद इंडोनेशिया के राष्ट्रपति पाकिस्तान नहीं आए। बासित ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है कि पीएम नरेंद्र मोदी की जो शख्सियत है वो काफी दिलचस्प है और खासकर उस वक्त जब वो विदेश दौरा करते हैं तो काफी तैयारियां की जाती हैं। आगे कहा कि इंडोनेशिया का जहां तक ताल्लुक है, तो पारंपरिक तौर पर भारत और इंडोनेशिया के अच्छे तालुक्कात रहे हैं। ये कोई आज की बात भी नहीं है बल्कि जबसे भारत और इंडोनेशिया वजूद में आए हैं तब से दोनों के रिश्ते जबरदस्त रहे हैं।

पीओके नेताओं ने पाक पीएम को दिया अल्टीमेटम

## मांगें मान लो, वरना 15 जुलाई को असेंबली से आजादी का करेंगे ऐलान

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भयंकर प्रदर्शन शुरू हो चुका है। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रही 'जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी' (जेएएसी) ने 15 जुलाई को पाकिस्तान की असेंबली से आजादी का ऐलान करने की बात कही है। स्थानीय नेताओं ने पाकिस्तान की सेना ने फौरन शहर खाली करने का अल्टीमेटम दिया है और ऐतिहासिक रूप से शांतिपूर्ण इलाके को 'टेरर ज़ोन' बताने की कोशिशों को सख्ती से खारिज किया है। पीओके में हालात तेजी से बिगड़ चुके हैं और हजारों लोग ईदगाह ग्राउंड पर मौजूद हैं। प्रदर्शनकारियों के नेताओं ने विदेशी मीडिया को पाकिस्तानी सेना का अत्याचार देखने के लिए आमंत्रित किया है। पिछले दिनों एक प्रदर्शन के दौरान असीम मुनीर के आदेश पर पाकिस्तानी सेना ने निहत्थे लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी थी। इसमें 30 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

भारतीय सशस्त्र सेनाओं की ताकत में होगा इजाफा

## अमेरिका से खरीदेगा 31 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन सीमाओं और महासागर पर रखेंगे पैनी नजर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सशस्त्र बल अपनी निगरानी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए अमेरिका से 31 एमक्यू-9 रीपर ड्रोन खरीद रहे हैं। इस रणनीतिक रक्षा सौदे के तहत भारतीय नौसेना को 15 जबकि थल सेना और वायु सेना को 8-8 ड्रोन सौंपे जाएंगे। लगभग 40 घंटे से अधिक की बेजोड़ उड़ान क्षमता और सैटेलाइट कनेक्टिविटी से लैस ये हाई-एल्टीट्यूड ड्रोन, मानवयुक्त विमानों की तुलना में अत्यधिक समय तक संवेदनशील सीमाओं और हिंद महासागर पर पैनी नजर रखने में सक्षम हैं।



एमक्यू-9 रीपर ड्रोन

### जल्द ही भारत में होंगे तैयार

*भारत 3 बिलियन डॉलर से अधिक की लागत से इन ड्रोन्स की खरीद कर रहा है। इनका इस्तेमाल मुख्य रूप से हिंद महासागर और भारत की लंबी जमीनी सीमाओं की निगरानी के लिए किया जाएगा। भारतीय नौसेना वर्तमान में लीज पर लिए गए दो रीपर ड्रोन का पहले से ही संचालन कर रही है।*

### 8 साल का अनुबंध

*यह अनुबंध 8 साल या 1,50,000 उड़ान घंटों के लिए परफॉर्मेंस बेस्ड लॉजिस्टिक्स प्रदान करने वाली एक मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल सुविधा स्थापित करने के लिए है। इन अत्याधुनिक ड्रोन्स की डिलीवरी साल 2029 से शुरू होने की उम्मीद है। ये ड्रोन एडवांस सेंसर सूट से लैस है। इसमें दिन, रात और थर्मल इमेजिंग के लिए इलेक्ट्रो-ऑप्ट्रॉनिक पॉड और विभिन्न कार्यों के लिए ट्यून किए गए रडार लगे हैं। ये अपने साथ आठ एजीएम-114 हेलफायर एयर-टू-ग्राउंड मिसाइलें ले जा सकता है।*

मैसेजिंग एप्स की मनमानी पर सरकार कसेगी नकेल

## जल्द लाएगी कॉमन रेगुलेटरी फ्रेमवर्क सभी के लिए बंधनकारी होंगे नियम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार अब देश में सोशल मीडिया और मैसेजिंग एप्स की मनमानी पर लगाम कसने के लिए नए नियम लाने की तैयारी में है। यूजरनेम फीचर पर मचे घमासान के बाद अब इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय किसी एक एप के बजाए देश में सक्रिय सभी मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स के लिए एक समान नियम लागू करने की योजना में है। इसका मतलब है कि आने वाले दिनों में चाहे व्हाट्सएप हो, टेलीग्राम हो, सिग्नल हो या और अन्य मैसेजिंग एप्स सबको सरकार के एक ही नियम के दायरे में रहकर काम करना होगा। रिपोर्ट्स के अनुसार अब सरकार एक ऐसा कॉमन रेगुलेटरी फ्रेमवर्क तैयार करने पर विचार कर रही है। इसके पीछे उद्देश्य पूरे सेक्टर में एक समान सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, ताकि किसी एक प्लेटफॉर्म के लिए अलग नियम न हों। हालांकि ऐसा कोई भी नियम लागू करने से पहले सरकार मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स से भी बात करेगी।

अयातुल्ला खामेनेई की अंतिम विदाई पर ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा का संदेश

# हमारा देश खून का बदला लेगा, ट्रंप का आदेश- ईरान को पूरी तरह तबाह कर देंगे

ट्रंप लंबे समय से ईरानी हिटलिस्ट में

एजेंसी ▶▶ तेहरान/ वॉशिंगटन

ईरान के सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई ने अपने पिता अयातुल्ला अली खामेनेई के लिए आज प्रार्थना सभा का आयोजन किया। पिता के अंतिम संस्कार की तरह मोजतबा खामेनेई सुरक्षा कारणों से प्रार्थना सभा में भी शामिल नहीं हुए। मगर इस मौके पर उन्होंने एक के बाद एक कई ट्वीट कर सोशल मीडिया से लेकर पूरी दुनिया को चौंका दिया। मोजतबा लगभग एक घंटे तक लगातार ट्वीट करते रहे।

लगातार एक घंटे तक ट्वीट करते रहे मोजतबा

1000 मिसाइलें तैनात मेरी हत्या होते ही दाग दें



डोनाल्ड ट्रंप | मोजतबा खामेनेई

### अली खामेनेई को बताया हुसैन जैसा

*मोजतबा ने अपने ट्वीट में कहा कि ईरान की इस्लामी क्रांति मूल रूप से हुसैनी थी, जो इमाम हुसैन के नारों और सिद्धांतों पर बनी और फली-फूली थी। ईरान के शहीद नेता का विकास भी इन्हीं सिद्धांतों के साये में हुआ था। शहीद खामेनेई का चरित्र हुसैनी था, वे हुसैन की तरह सोचते थे। शहीद खामेनेई ने हुसैन जैसा आचरण किया और इमाम हुसैन की तरह ही जिहाद और प्रतिरोध में भाग लिया। शहीद खामेनेई ने हुसैनी विचारधारा के रास्ते पर अपना खून बहाकर शहादत हासिल की।*

### हत्यारों से लें बदला

*मोजतबा ने आगे लिखा कि सालों से, ईरान की जनता ने हुसैन के रास्ते पर चलते हुए और हुसैन व उनके रास्ते के दुश्मनों से लड़ते हुए अपने बच्चों की कुर्बानी दी है; और आज वह उनके खून का, और हमारे दौर में हुसैन जैसे लोगों के खून का बदला लेना चाहती है। हम उन अपराधी और शर्मनाक हत्यारों से बदला लेकर आपके पवित्र खून और इन दो हालिया युद्धों के सभी शहीदों के खून का बदला लेने का संकल्प लेते हैं। हमारा देश इसी बदले की मांग कर रहा है, और यह निश्चित रूप से किया जाना चाहिए।*

### अल्लाह आपका भला करें: ट्रंप

*वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान उनकी हत्या करने में कामयाब होता है, तो अमेरिका बड़े पैमाने पर ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए उन्होंने पहले ही निर्देश दे दिए हैं। ट्रंप ने कहा कि मैं काफी लंबे समय से उनकी सूची में हूं। हम इस स्थिति से निपट रहे हैं। ट्रंप ने ये भी कहा कि एक हजार मिसाइलें तैनात हैं और अगर उनकी हत्या हुई तो ये इन्हें दाग दिया जाएगा।*



# आज ज़ी सिनेमा पर 'मावीरन' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर...

**मुंबई।** ज़ी सिनेमा पर अभिनेता शिवकार्तिकेयन अभिनीत सुपरहिट एक्शन-फैंटेसी फिल्म मावीरन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज 12 जुलाई को रात आठ बजे होगा। निर्माताओं ने बताया कि निर्देशक मैडोना अश्विन की फिल्म मावीरन एक्शन, कॉमेडी, फैंटेसी और भावनाओं का अनूठा संगम है। फिल्म की कहानी सत्या नामक एक कार्टूनिस्ट के इर्द-गिर्द घूमती है, जो टकराव से बचने वाला साधारण युवक है। एक हादसे के बाद उसे एक रहस्यमयी आवाज़ सुनाई देने लगती है, जो उसके जीवन की दिशा बदल देती है। इसके बाद वह अपने भीतर छिपे साहस को पहचानते हुए एक भ्रष्ट नेता के खिलाफ बेबस लोगों के लिए न्याय की लड़ाई लड़ता है।

## लाइफ Style

# प्रियंका

## 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है।

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'द साइकिल ऑफ लव' का ट्रेलर जारी किया है। वह फिल्म से बतौर कार्यकारी निर्माता जुड़ी हैं, जबकि इसका निर्देशन ऑरलैंडो वॉन आइन्सीडेल ने किया है। इसकी कहानी 1970 के दशक में घटित दिल्ली के रहने वाले 23 वर्षीय कलाकार पीके महानंदिया पर आधारित है, जो सच्चे प्यार की तलाश में भारत से स्वीडन तक 6,000 मील की यात्रा पर साइकिल से निकले थे। ये सेकंड-हैंड साइकिल उन्होंने अपनी पेंटिंग्स बेचकर खरीदी थी। प्रियंका ने लिखा, 'जब मैंने पहली बार उस यात्रा की कहानी सुनी पीके महालंदिया प्यार के लिए महाद्वीपों की साइकिल यात्रा की कहानी सुनकर मैं दंग रह गई। ये उन दुर्लभ, अविश्वसनीय सच्ची कहानियों में से एक है जो लंबे समय तक आपके मन में रहती है।' उन्होंने निर्देशक का आभार जताते हुए लिखा, 'ये फिल्म आशा और अपने दिल की बात मानने के साहस की एक गहरी मानवीय कहानी है। मुझे आपके साथ ट्रेलर साझा करके खुशी हो रही है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'फिल्म 28 अगस्त को अमेरिका और 18 सितंबर को ब्रिटेन में रिलीज होगी। जल्द अन्य अंतरराष्ट्रीय रिलीज तारीखों की घोषणा होगी।



## हॉलीवुड मसाला



# शादी के बाद पहली बार दिखे

**लॉस एंजिल्स।** कैलिफोर्निया में जुजू स्मिथ-शस्टर की शादी हुई, जहां टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्सी शादी के बाद पहली बार पति-पत्नी के रूप में एक साथ किसी बड़े कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान टेलर स्विफ्ट गुलाबी फूलों वाले एक बेहद खूबसूरत बॉल गाउन में नजर आईं, जिसने सबका ध्यान खींचा। वहां टेलर स्विफ्ट ने अपनी शादी की अंगूठी भी दिखाई, वहीं ट्रैविस केल्सी क्लासिक ग्रे सूट में काफी हैंडसम लग रहे थे। इसी महीने की शुरुआत में शादी के बंधन में बंधने के बाद ये इस नई शादीशुदा जोड़ी की पहली बड़ी सार्वजनिक उपस्थिति थी।



# 'ड्यूनः पार्ट 3' का धमाकेदार ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ड्यूनः पार्ट 3' इस साल बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचाने के लिए तैयार है। डेनिस विलेन्यूव द्वारा निर्देशित फिल्म से टिमोथी चालमेट, जेंडाया और रॉबर्ट पैटिनसन की पहली आधिकारिक झलक पहले ही जारी हो चुकी थी। अब निर्माताओं ने फिल्म का धमाकेदार ट्रेलर जारी कर दिया है, जो ब्रह्मांड के सबसे खूंखार युद्ध का संकेत देता है। साइंस-फिक्शन से भरपूर यह इस फ्रैंचाइजी की तीसरी और आखिरी कड़ी है, जिसमें दमदार वीएफएक्स शामिल है। 'ड्यूनः पार्ट 3' की कहानी 17 साल आगे से शुरू होती है। इस बार पॉल एट्रीडेस (टिमोथी) के सामने रूप बदलने वाला खलनायक स्काइटेल (रॉबर्ट) खड़ा है। वह उसके साम्राज्य ध्वस्त करना चाहता है। उधर, पॉल और चानी (जेंडाया) के रिश्ते में दूरियां आ चुकी हैं।



# 'गोलमाल 5' में धमाल मचाएंगी प्रियामणि

**मुंबई।** रोहित शेट्टी एक बार फिर 'गोलमाल' फ्रैंचाइजी की दुनिया में कदम रख चुके हैं। इस सुपरहिट फिल्म की 5वीं किस्त के साथ अजय देवगन और उनकी पूरी पलटन लौटने के लिए तैयार है। काफी समय से चर्चा थी कि इस बार निर्माता फिल्म में महिला अभिनेत्री को शामिल नहीं करेंगे और यह पूरी तरह से पुरुष प्रधान फिल्म होगी। अब फिल्म पर आई हालिया जानकारी पिछले दावे से पूरी तरह उलट है, क्योंकि एक अभिनेत्री इसमें शामिल हो गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 'गोलमाल 5' से अभिनेत्री प्रियामणि का नाम जुड़ चुका है। 'फैमिली मैन' और 'आर्टिकल 370' जैसी फिल्मों व सीरीज से चर्चा बटोरने वालीं अभिनेत्री फिल्म में एक नकारात्मक किरदार निभाती हुई दिखाई देंगी।



# रामायण का ट्रेलर 24 को होगा रिलीज

**मुंबई।** निर्माता नमित मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायणम का ट्रेलर 24 जुलाई को दुनिया भर में रिलीज किया जाएगा। मेकर्स ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा कि फिल्म का ट्रेलर वैश्विक स्तर पर एक साथ प्रीमियर होगा। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। इसका पहला भाग दिवाली 2026 और दूसरा भाग दिवाली, 2027 में सिनेमाघरों में प्रदर्शित किया जाएगा। मेकर्स के अनुसार, दो भागों में बनाई जा रही इस महागाथा का उद्देश्य भारत के सबसे प्रतिष्ठित महाकाव्यों में से एक रामायण को भव्य सिनेमाई प्रस्तुति, भावनात्मक गहराई और अत्याधुनिक विजुअल इफेक्ट्स के साथ वैश्विक दर्शकों तक पहुंचाना है।

## टीवी मसाला

# जेब खर्च के खातिर किया छोटा-मोटा काम, 'स्प्लिट्सविला' ने चमका दी किस्मत

**नई दिल्ली।** एक्टर पारस छाबड़ा ने टीवी की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। आज भले ही वे बड़ा नाम बन चुके हैं, लेकिन उनकी किस्मत का सितारा चमका था साल 2012 में आए शो 'स्प्लिट्सविला 5' से। शो ने दिल्ली के लड़के को देखते ही देखते घर-घर में मशहूर कर दिया। पारस छाबड़ा ने न सिर्फ शो में अपना जलवा बिखेरा, बल्कि आकांक्षा पोपली के साथ मिलकर सीजन की ट्रॉफी भी अपने नाम की थी। एक जीत ने उनके लिए ग्लैमर वर्ल्ड के सारे दरवाजे हमेशा के लिए खोल दिए। पारस का बचपन सामान्य नहीं था। उन्होंने बहुत छोटी उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। उनकी मां रूबी छाबड़ा ने अकेले ही बेहद मुश्किल हालातों में उनकी परवरिश की। मां के इसी स्ट्रगल को देखकर पारस के अंदर भी कुछ बड़ा करने की जिद पैदा हुई। कॉलेज की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग में हाथ आजमाना शुरू कर दिया था। उन्होंने शुरुआती दिनों में जेबखर्च के लिए कई छोटे-मोटे काम भी किए उन्हें धीरे-धीरे विज्ञापनों में काम मिलने लगा।



***'बिग बॉस 13' साबित हुआ टर्निंग प्वॉइंट :*** पारस ने 'स्प्लिट्सविला 5' की कामयाबी के बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 'वी द सीरियल' में दिखे और साल 2015 में दोबारा 'स्प्लिट्सविला 8' का हिस्सा बने। उन्होंने टीवी सीरियल्स का रुख किया और 'बढ़ो बहू', 'आरंभ', 'कलीरें' और 'अघोरी' जैसे शोज में अपनी एक्टिंग का दम दिखाया। 'विघ्नहर्ता गणेश' सीरियल में निभाया गया उनका रावण का किरदार दर्शकों को खूब पसंद आया। लेकिन उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट साल 2019 में आया, जब उन्होंने 'बिग बॉस 13' में एंट्री ली। वे शो में टॉप 6 तक पहुंचे और फिनाले के दिन 10 लाख का सूटकेस लेकर शो से बाहर आ गए।

# सिद्धार्थ की फिल्म 'वन' की बदली रिलीज तारीख

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वन- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट' अब 28 अगस्त को नहीं आएगी। निर्माता बालाजी मोशन पिक्चर्स ने एक मोशन पोस्टर जारी करते हुए इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान किया है। दीपक मिश्रा और अरुणभ कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले रक्षाबंधन के अवसर पर सिनेमाघरों में आनी थी। चूकि उसी हफ्ते में श्रद्धा कपूर की 'ईथा' और यश की 'टॉक्सिक' रिलीज हो रही हैं। इस टकराव से बचने के लिए ये फैसला लिया गया है। निर्माता एकता कपूर ने 'वन' का एनिमेटेड मोशन पोस्टर जारी किया है, जिसमें त्रिशूल लिए एक व्यक्ति खूंखार बाघ और नंदी से घिरा हुआ है। उसके चारो ओर बिजली की कड़क दिखाई गई है। पोस्ट के साथ कैप्शन दिया गया, 'बाघ की दहाड़ है... नंदी उसकी शक्ति है। और वन... उसकी कहानी।' फिल्म में सिद्धार्थ के साथ तमन्ना भाटिया मुख्य किरदार में हैं। यह अब 25 सितंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। इसके बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक देगी।



# राजकुमार राव की कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने तैयार...

**मुंबई।** अभिनेता राजकुमार राव के अभिनेय के लोग दीवाने हैं। अब वह एक बार फिर कई बड़े प्रोजेक्ट्स के साथ बड़े पर्दे पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी करीब 6 आगामी फिल्में चर्चा में हैं, जिनमें से 2 इसी साल रिलीज होंगी, जबकि 4 फिल्में 2027 में सिनेमाघरों में दस्तक देंगी। फैंस के बीच उनकी आने वाली फिल्मों को लेकर जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में आइए देखते हैं राजकुमार की आने वाली फिल्मों की पूरी सूची।

***'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' और 'रफ्तार':*** कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'प्रहार- द उज्ज्वल निकम स्टोरी' इस साल 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ-साथ वमिका गब्बी, जयदीप अहलावत और सिकंदर खेर भी मुख्य किरदार में हैं। राजकुमार की थ्रिलर फिल्म 'रफ्तार' इसी साल 16 अक्टूबर को रिलीज होगी। इस फिल्म में राजकुमार के साथ कीर्ति सुरेश, अनुराग ठाकुर, रोहन वर्मा, तान्या मानिकतला और रजत कपूर मुख्य भूमिका में हैं।



***'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' और 'भेड़िया 2' :*** भारतीय क्रिकेटर सौरव गांगुली की बायोपिक फिल्म 'दादा- द सौरव गांगुली स्टोरी' 14 मई, 2027 में रिलीज होगी। विक्रमादित्य मोटवानी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में राजकुमार मुख्य किरदार में दिखाई देंगे। मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'भेड़िया 2' साल 2027 तक रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में वरुण धवन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। वहीं राजकुमार एक कैमियो भूमिका में दिखाई देंगे।

***'स्त्री 3' और 'छोटी स्त्री' :*** हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री' के दोनों पार्ट के हिट होने के बाद अब निर्माता इसका तीसरा पार्ट बनाने जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह फिल्म 2027 में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में राजकुमार और श्रद्धा कपूर साथ नजर आएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एनिमेटेड स्पिन-ऑफ फिल्म 'छोटी स्त्री' आने वाली है। इस फिल्म में राजुकार और श्रद्धा नजर आ सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने इसका इसकी रिलीज की तारीख और कास्ट का खुलासा नहीं किया है।

# सनी देओल की इन फिल्मों ने की थी खूब कमाई, जीत लिए थे सबके दिल

***मुंबई।*** *बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सनी देओल अपनी दमदार अदाकारी और एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उनकी लीगल कोर्टरूम ड्रामा 'इक्का' अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। अगर आप इस फिल्म को देखने की योजना बना रहे हैं, तो उससे पहले सनी की उन सुपरहिट फिल्मों पर भी नजर डालिए, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया और करोड़ों की कमाई कर दर्शकों का दिल जीत लिया था।*

## 'गदर 2' और 'गदरः एक प्रेम कथा'

सनी की सबसे कमाऊ फिल्मों की सूची में सबसे पहला नाम 'गदर 2' का है, जो 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने 686 करोड़ रुपये की जबरदस्त कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ अमीषा पटेल भी मुख्य भूमिका में थीं। 'गदरः एक प्रेम कथा' का नाम इस सूची में दूसरे नंबर पर है। ये साल 2001 में रिलीज हुई थी। इसने उस समय दुनियाभर में 132.6 करोड़ रुपये की कमाई की थी।



## 'जाट' और 'यमला पगला दीवाना'

एक्शन-ड्रामा फिल्म 'जाट' साल 2025 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 126 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म में सनी के अलावा रणदीप हुड्डा भी मुख्य भूमिका में थे। कॉमेडी फिल्म 'यमला पगला दीवाना' 2011 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 88.55 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म में सनी के साथ-साथ उनके दिवंगत पिता धर्मेंद्र और बॉबी देओल भी थे।

## 'बॉर्डर'

निर्देशक जेपी दत्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'बॉर्डर' (1997) भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन और ऐतिहासिक देशभक्ति फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान हुई 'लोंगेवाला की लड़ाई' पर आधारित है। फिल्म में सनी देओल ने मेजर कुलदीप सिंह चांदपुरी का यादगार और दमदार किरदार निभाया था। उनके साथ सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकारों ने भी शानदार अभिनय किया। इसने 64.98 करोड़ रुपये की रिकॉर्डतोड़ कमाई की थी।

# 'धमाल 4' के आगे 'अल्फा' ने टेके घुटने 2 करोड़ रुपए कमाने में भी छूटे पसीने...

## 'धमाल 4' ने पहले दिन कमाए इतने करोड़

'धमाल 4' ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने पहले ही दिन 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस कॉमेडी फिल्म ने रिलीज के पहले दिन 13.75 करोड़ रुपये के साथ अपना खाता खोला है। इंद्र कुमार के निर्देशन में बनी 'धमाल 4' में रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा, रवि किशन, अंजलि आनंद, ईशा गुप्ता और संजीदा शेख भी अहम भूमिका में हैं।

***मुंबई।*** *बॉक्स ऑफिस पर इस शुक्रवार यानी 10 जुलाई को अजय देवगन की कॉमेडी फिल्म 'धमाल 4' रिलीज हुई। फिल्म ने सिनेमाघरों में आते ही तहलका मचा दिया है। भले ही फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन पहले दिन कमाई के मामले में इसने बाजी मार ली है। आलम ये है कि फिल्म के आगे आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की एक्शन-थ्रिलर 'अल्फा' पूरी तरह पस्त हो गई है। आइए जानें दोनों फिल्मों की कमाई।*




## 'धमाल 4' की आंधी में उड़ी 'अल्फा'

'धमाल 4' के रिलीज होते ही आलिया भट्ट की स्पाई थ्रिलर 'अल्फा' की कमाई को बड़ा झटका लगा है। पहले हफ्ते में 47.45 करोड़ कमाने वाली ये फिल्म अपने आठवें दिन (दूसरे शुक्रवार) बॉक्स ऑफिस पर पस्त नजर आई। फिल्म आठवें दिन 2 करोड़ भी नहीं कमा सकी और महज 1.65 करोड़ रुपये पर सिमट गई। इसके साथ ही 'अल्फा' का 8 दिनों का कुल कारोबार 49.10 करोड़ रुपये हो गया है।

# धनुष और वेत्रिमारन की ब्लॉकबस्टर जोड़ी की वापसी, 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो रिलीज



**मुंबई।** साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष ने निर्देशक वेत्रिमारन के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'तमिल मुरुगन' का पहला प्रोमो जारी कर दिया है। इस प्रोमो के सामने आने के बाद से ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता काफी बढ़ गई है। ये फिल्म अरिवुमथी की एक चर्चित किताब पर आधारित है, जो तमिल इतिहास के एक बेहद महान और शक्तिशाली नेता की कहानी को बयां करती है। इस ऐतिहासिक नायक का विशेष जिक्र तमिलों के प्राचीन संगम साहित्य में भी मिलता है। इन फिल्मों में साथ काम कर चुके धनुष और वेत्रिमारन साउथ सिनेमा के सुपरस्टार धनुष और दिग्गज निर्देशक वेत्रिमारन एक बार फिर इतिहास दोहराने के लिए तैयार हैं। ये पांचवीं बार है, जब ये सुपरहिट जोड़ी किसी फिल्म के लिए एक साथ आई है। इससे पहले यह जोड़ी 'पोलधवन', 'आदुकलम', 'वडा चेन्नई' और 'असुरन' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुकी है, जिन्होंने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर कमाई की, बल्कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी अपने नाम किए।